प्रेषक,

विभांशु सुधीर
प्रभारी सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली

(विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के धारा 9 के अन्तर्गत गठित)

सेवा मे,

श्रीमान ओ.एस.डी. कम्प्यूटर
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद।

पत्रांक संख्या : 28 / जि0वि0से0प्रा0च0 / 2022 दिनांक 07.05.2022

विषय :– स्थाई लोक अदालत चन्दौली हेतु सदस्य के पद के चयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्रांक संख्या 1694 / SLSA-49/2016 दिनांक 02 मई 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कृपा करें (छायाप्रति संलग्न)।

उक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के द्वारा जनपद चन्दौली में गठित स्थायी लोक अदालत में सदस्य के 02 पद पर नियुक्ति की जानी है, जिसके लिए पूर्व में ही आवेदन किया जा चुका है। उक्त नियुक्ति दिनांक 09.05.2022 को समय प्रातः 11.00 बजे से आनलाईन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाना था। जो अपरिहार्य कारण से निरस्त कर दिया गया है।

उक्त आनलाईन साक्षात्कार वर्तमान मे दिनांक 10.06.2022 दिन शुक्रवार को नियत किया गया है।

अतः माननीय महोदय से ससम्मान निवेदन है कि उक्त आनलाईन साक्षात्कार पत्र सूचना हेतु माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाईट पर अपलोड कराने के लिए संबंधित को निर्देशित करने की कृपा करें।

(विभांशु सुधीर) 07/05/22
सदस्य चयन समिति
सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण /
सिविल जज (सि0डि0) चन्दौली।

संलग्नक :– यथोक्त।

प्रतिलिपि :

श्रीमान, सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ को सूचना हेतु सादर प्रेषित।

(विभांशु सुधीर)
सदस्य चयन समिति /
सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण /
सिविल जज (सि0डि0) चन्दौली।